हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



## खबर संक्षेप



### निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले अग्र समाज के लोगों को किया सम्मानित

**लखनपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले अग्रवाल समाज के लोगों का सम्मान किया गया। इस समारोह में सरगुजा और विकासखंड क्षेत्र के अग्र बंधुओं को भी कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सम्मानित किया। बता दें कि अग्रवाल सभा रायपुर एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में सम्मान समारोह में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगरीय निकाय चुनाव में पूरे छत्तीसगढ़ से निर्वाचित हुए अग्र बंधुओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लखनपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित नेहा सनी बंसल एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचित हुए गायत्री सचिन बंसल का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद ब्रिज मोहन अग्रवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अग्र समाज से कहा कि अग्रवाल समाज को बिजनेस के साथ सेवा का भी काम ज्यादा करना चाहिए। राजनीतिक व सार्वजनिक पदों में अग्रवाल समाज के अग्रबंधु संख्या बढ़ाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में विधायक राजेश अग्रवाल व विभिन्न पदों पर निर्वाचित होने पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अशोक बंसल का भी सम्मान किया गया।

### जिला कांग्रेस व एनएसयूआई ने ईडी के खिलाफ किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन



**सूरजपुर।** ईडी द्वारा कांग्रेस के आधार स्तंभ सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई एवं चार्जशीट दायर करने के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवती राजवाड़े एवं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू द्वारा केन्द्रीय कार्यालय रेलवे टिकट काउंटर के सामने सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। साथ ही जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। ईडी द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई और चार्जशीट दायर करने की निंदा की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, जिला कांग्रेस सचिव विष्णु कसेरा, मधु साहू, सैयद नदीम, मुस्तफ़ा ख़ान, विजय ठाकुर, रेहान, सैयद नदीम, देवती राजवाड़े, बिंदिया राजवाड़े, सविता, बाबी, सीता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गांधी स्टेडियम कॉम्प्लेक्स की चार दुकानों में चोरों का धावा



**अम्बिकापुर।** शहर में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में बाइक, स्कूटी चोरी की घटना जहां आम बात हो गई है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में चोर गिरोह किस कदर सक्रिय है जो शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में धावा बोल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए है। बीती रात भी चोरों ने शहर के बीच गांधी स्टेडियम कॉम्पलेक्स स्थित एक नहीं बल्कि चार दुकानों में धावा बोलकर 50 हजार नकदी सहित सामान पार कर दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आज सुबह गांधी स्टेडियम कॉम्पलेक्स स्थित किताब घर, वेलकम फूट वियर, सिंह इंटरप्राजेस व सैनी ब्रदर्स दुकान संचालक जैसे ही दुकान खोल अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। दुकान का सामान बिखरा व काउंटर खुले हुए थे। चोरों ने किताब घर दुकान से नगद 20 हजार, वेलकम फुटवियर दुकान से नकदी 6 हजार व सामान, सैनी ब्रदर्स दुकान से 20 हजार नगद और सिंह इंटर प्राइजेस दुकान से 4 हजार नगद व सामान पार कर दिया। घटना की शिकायत दुकान संचालकों ने कोतवाली पुलिस से की। शिकायत पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कॉम्प्लेक्स के छत पर दुकान में से आने जाने एक दरवाजा लगा है। दुकान में चोरी की घटना की जानकारी लगने पर जब छत पर गए तो देखा दरवाजा टूटा हुआ था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि चोर दुकान के पीछे से छत पर चढ़े और दरवाजा तोड़ दुकान में दाखिल हुए।

### चोरों ने साप्ताहिक बाजार से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** साप्ताहिक बाजार डीपाडीह कला में खरीदारी करने गए ग्रामीण की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बीजाडीह डूमर टोली निवासी मखलु कुजूर आ. स्व. बंधन कुजूर मंगलवार को साप्ताहिक बाजार डीपाडीह कला बाइक क्रमांक सीजी 15 सीयू 1418 से खरीदारी करने गया था। ग्रामीण बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर खरीदारी करने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट शंकरगढ़ थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## चौक पर हर सुबह लगता है मजदूरों का जमावड़ा

# बदल गई निगम सरकार लेकिन नहीं बदली गुरुनानक चौक की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में वैसे तो कई चौक-चौराहे है परंतु शहर के बीच स्थित गुरुनानक चौक एक ऐसा चौक है जहां हर सुबह मजदूरों का जमावड़ा लगता है। मजदूरों का यह जमावड़ा किसी कार्यक्रम का नहीं बल्कि हर रोज रोजी रोटी के रोजगार के लिए होता है। हैरानी की बात यह है कि शहर सरकार तो बदल जाती है कि लेकिन गुरु नानक चौकी स्थिति आज तक नहीं बदली। 10 साल बाद एक बार फिर निगम सरकार बदल गई है लेकिन अब भी सैकड़ों की संख्या में मजदूर काम की तलाश में सुबह से ही गुरूनानक चौक के समीप एकत्र हो जाते है जो किसी मेला से कम नहीं। गर्मी, बरसात या ठंड का मौसम हो बावजूद इसके चौक में लगने वाली भीड़ कभी कम नहीं होती है। हैरानी की बात यह है कि निगम में सरकार बदलने के बावजूद आज तक मजदूरों के लिए एक निश्चित जगह चिन्हांकित नहीं हो सकी। ऐसे में मजदूर गुरूनानक चौक के समीप खड़े होने को मजबूर है। हालांकि पिछले साल ही प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर के भ्रमण के दौरान मजदूरों को किसी दूसरे जगह खड़े होने की व्यवस्था बनाने निर्देश दिए थे। परंतु मजदूरों के लिए निश्चित स्थान की व्यवस्था नहीं हो सकी। ऐसे में चौक के समीप हर सुबह उमड़ने वाली मजदूरों की भीड़ अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। ऐसा ही रहा तो आने वाले दिनों में चौक के समीप कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**खास बातें**

- प्रशासनिक अधिकारियों ने दूसरे जगह व्यवस्था करने दिए थे निर्देश
- राहगीरों की बढ़ी परेशानी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना



चौक पर मजदूरों की भीड़।

ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मजदूर रोजगार की तलाश में संभाग मुख्यालय में काम की तलाश में आते है। हालांकि खेती किसानी के दौरान शहर में मजदूरों की संख्या कम होती है परंतु जैसे ही खेती किसानी का कार्य पूरा हुआ तो ग्रामीण गांव में रोजगार उपलब्ध नहीं होने से शहर की ओर पलायन करना शुरू कर देते है। शहर में भवन निर्माण सहित अन्य कार्य होने से मजदूरों को आसानी से काम मिल जाता है जहां कुछ दिन काम करने के बाद उन्हे पुनः काम की तलाश करना पड़ता है। ऐसे में मजदूरों को काम तलाश करने के लिए सुबह से ही निकला पड़ता है। घूम-घूम कर मजदूरी की तलाश नहीं की जा सकती जिस पर मजदूर शहर के बीच स्थित गुरूनानक चौक के समीप एकत्र होते है। हर रोज सैकड़ों की संख्या में हर सुबह चौक के समीप मजदूरों का जमावड़ा लगता है। लोग अपने काम के मुताबिक मजदूरों को लेकर जाते है और काम खत्म होने पर मजदूरों को पुनः मजदूर चौक पर आकर नए काम की तलाश में खड़ा होना पड़ता है। यह सिलसिला कई वर्षो से चल रहा है जिससे अब गुरूनानक चौक मजदूरों के लिए एक अलग पहचान बन गई है। शहर के लोगों को भी मालूम है मजदूर सिर्फ गुरूनानक चौक समीप ही मिल सकते जिस कारण लोग जरूरत पड़ने पर सुबह सीधे थाना चौक आ जाते है जबकि मजदूरों को काम की जरूरत पड़ी तो वह भी भटकने के बजाय चौक पर ही आकर खड़े हो जाते है। हैरानी की बात यह है कि वर्षो से इस तरह की भीड़ मजदूरों की थाना चौक के समीप उमड़ती है परंतु आज तक नगर निगम द्वारा शहर में मजदूरों के खड़े होने जगह निर्धारित नहीं की। निगम सरकार बदलने के बावजूद गुरुनानक चौक की स्थिति ज्यों कि त्यों है। ऐसे में चौक के समीप सुबह से जो भीड़ उमड़ती है और भीड़ कम होने में कई घंटे लग जाते है। शहर के बीच मुख्य मार्ग होने से आवागमन तो प्रभावित होती है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। समय रहते अगर मजदूरों के लिए शहर में एक सुरक्षित जगह निर्धारित नहीं की गई तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### बलरामपुर-जशपुर के होते है अधिकांश मजदूर

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में भवन निर्माण सहित अन्य कार्य हो रहे है उसमे अधिकांश बलरामपुर-जशपुर के ग्रामीण ही मजदूरी करते है। हालांकि शहर के आसपास ग्रामीण क्षेत्र से भी ग्रामीण मजदूरी करने आते है परंतु उनकी संख्या कम है। खेती किसानी के मौसम में राजपुर, कुसमी, शंकरगढ़, जशपुर सहित अन्य गांव के मजदूर वापस घर लौट जाते है परंतु काम समाप्त होने के पश्चात पुनः लौट आते है।

#### जगह निर्धारित करने की मांग

गुरुनानक चौक के समीप सुबह से ही मजदूरों के एकत्र होने तथा भीड़ होने के कारण मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होती है। हर रोज ऐसी स्थिति होने तथा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर कैट के पदाधिकारियों ने पूर्व में ही ननि अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। साथ ही मजदूरों के लिए पुराना बस स्टैण्ड में जगह उपलब्ध कराने की मांग की थी। जिससे गुरुनानक चौक के समीप मजदूरों की भीड़ न हो सके।

#### बनाई जाएगी व्यवस्था

चौक के समीप मजदूरों की भीड़ होने से आवागमन प्रभावित होती है। मजदूरों के लिए पूर्व में पुराना बस स्टैण्ड निर्धारित की गई थी। जल्द ही मजदूरों के लिए एक स्थान पर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-मंजूषा भगत, महापौर

# एसईसीएल बिश्रामपुर के नव पदस्थ जीएम डॉ. संजय ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल बिश्रामपुर के नवनियुक्त महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने आज बुधवार को क्षेत्र के 32 वें महाप्रबंधक के रूप पदभार संभाल लिया है। उन्होंने निवर्तमान जीएम अजय तिवारी से विधिवत चार्ज लिया,गौरतलब है कि मंगलवार 15 अप्रैल को कंपनी मुख्यालय से जनरल मैनेजर रैंक के 27 अधिकारियों सहित चीफ मैनेजर रैंक के 5 एवं सीनियर मैनेजर रैंक के 1, कुल 33 माइनिंग अफसरों का तबादला आदेश जारी कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बिश्रामपुर महाप्रबंधक रहे अजय तिवारी को मुख्यालय में जीएम न्यू इनिशिएटिव एचओडी एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय पदस्थ कर उनकी जगह बिश्रामपुर के महाप्रबंधक संचालन का कार्य देख रहे डॉ संजय सिंह को बिश्रामपुर क्षेत्र का नया क्षेत्रीय महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। अजय तिवारी करीब 19 माह यहां बतौर महाप्रबंधक पदस्थ रहे। कंपनी में नए सीएमडी हरीश दुहन की पदस्थापना के बाद खराब परफॉर्मेंस वाले महाप्रबंधकों के तबादले की तलवार लटकी हुई थी और संभावना जताई जा रही थी कि नए सीएमडी हर क्षेत्र के दौरे व निरिक्षण के बाद संबंधित क्षेत्रों से फीड बैक लेंगे और अपने हिसाब से तेज तर्रार अधिकारियों को बतौर जीएम काम करने का अवसर देंगे ताकि कंपनी उत्पादन लक्ष्य को हासिल कर सके। नए सीएमडी का लगभग हर क्षेत्र का दौरा अब पूरा हो चुका है जिसके बाद संबंधित क्षेत्र के महाप्रबंधकों के प्रदर्शन देखने के बाद 3 एरिया जीएम तबादले के दायरे में आए जिसमें बिश्रामपुर, चिरिमिरी और कोरबा जीएम के नाम शामिल हैं। तीनों महाप्रबंधकों को तबादला कर उन्हें कंपनी मुख्यालय बिलासपुर अटैच किया गया है। चिरमिरी जीएम नवीन श्रीवास्तव को कंपनी मुख्यालय में जीएम एचआरडी हेडक्वार्टर जबकि कोरबा जीएम दीपक पंड्या को हेड क्वार्टर में जीएम प्रोडक्शन की जवाबदेही सौंपी गई है। नवनियुक्त महाप्रबंधक डॉक्टर संजय सिंह करीब डेढ़ वर्षों से अधिक समय से बिश्रामपुर में महाप्रबंधक संचालन का कार्य देख रहे हैं, इसके पूर्व भी संजय सिंह बिश्रामपुर में कार्य कर चुके है। बिश्रामपुर में कार्य करने का लंबा अनुभव होने के कारण नए जीएम संजय सिंह के लिए यहां कार्य करना आसान माना जा रहा है। उनके लिए अमेरा खदान के लिए भूमि अधिग्रहण क्लियर कराना सबसे बड़ी चुनौती है यदि वे इसका हल निकाल लेते हैं तो क्षेत्र के साथ उनके लिए भी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। महाप्रबंधक के पद पर पदभार ग्रहण करने के बाद नए जीएम डॉक्टर संजय सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारियों सहित क्षेत्रवासियों के सामंजस्य से क्षेत्र को नया मुकाम दिलाने उनका प्रयास रहेगा।

# शिवनंदनपुर संचालन समिति अध्यक्ष का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नवगठित शिवनंदनपुर नपं संचालन समिति अध्यक्ष के अलावा जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम आहूत किया गया। गौरतलब है कि नगरीय निकायों व त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अग्र समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अग्रवाल सभा रायपुर में सम्मान कार्यक्रम गत दिनों किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विजय अग्रवाल, बिशम्भर अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे पार्टी कोई भी हो, अग्रवाल है तो मिलकर साथ देना है।इसे समाज के सभी जनप्रतिनिधियों को समझना ही होगा। विशिष्ट अतिथि अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि उनकी जीत में अग्रवाल समाज का सबसे बड़ा योगदान रहा है, यह बात स्वयं सामाजिक एकता की ताकत बताता है। कार्यक्रम में सूरजपुर जिला से शिवनंदनपुर नपं अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, सुरजपुर नपा उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, पार्षद मुकेश गर्ग, बिसेन अग्रवाल, नपं प्रतापपुर के पार्षद मुकेश तायल व अन्य नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।





## रामसेवक पैकरा का लड्डुओं से तौलकर किया गया स्वागत

**सूरजपुर।** स्थानीय अग्रसेन चौक पर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर रामसेवक पैंकरा का मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व मे महामाला से स्वागत किया गया। श्री पैंकरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी को पूरा करने का प्रयास करूंगा। छत्तीसगढ़ मे जो बिगड़े हुए वन है उसमे सुधार कर उसे व्यवस्थित कर हरा भरा करने का प्रयास करूंगा। वातावरण मे जो बदलाव आज हो रहा है और हम ग्लोबल वार्मिंग कि चपेट मे आ रहे है उससे निजात मिल सके। उदबोधन के पश्चात रामसेवक पैंकरा को लड्डूलुओं से तोला गया और मिष्ठान वितरण किया गया। रामसेवक पैंकरा के साथ प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी, जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, रेडक्रास के चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृपाल साहू का भी शहर मंडल द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान राजेश महलवाला,थलेश्वर प्रसाद साहू, डॉ. एचएन चतुर्वेदी, संदीप अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, मुकेश गर्ग, बसंत कुशवाहा, आनंद सोनी, शैलेष अग्रवाल, राजू देवांगन, ललन सोनवानी, प्रमोद तायल, सरोज साहू, कौशिल्या सिंह, भोला शंकर साहू, श्रवण गोयल, प्रसून गोयल, अजय सिंह, गुलाब साहू, किसन देवांगन, राहुल साहू, जय शंकर देवांगन, भुवनेश्वर, हिमांशु, प्रदीप, आशीष , उमेश, सत्यनारायण सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवानपुर में बंग समाज की प्रांतीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मदनपुर

- नवनियुक्त पद अधिकारियों को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र

छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति के नवीन कार्यकारिणी की घोषणा एवं शपथ ग्रहण समारोह संरक्षक सुबोध विश्वास, शिवशंकर दास, सुभाष राय, विमान मुखर्जी, रमेश विश्वास, गौर विश्वास एवं सलाहकार केके मिस्त्री एवं निरंजन विश्वास के उपस्थिति में भगवानपुर अंबिकापुर में संपन्न हुई।यहां पर सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सम्मुख अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

पुनर्गठन समिति के प्रभारी रमेश विश्वास, सुनील विश्वास, कृष्ण मलिक, मंगल विश्वास एवं बासु सरदार ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके पश्चात संरक्षक सुबोध विश्वास ने रामू घोष को शपथ ग्रहण कराया जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष ने समिति के प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी का घोषणा की। इसमें उपप्रांताध्यक्ष सुशांत घोष, दिवाकर मुखर्जी, संदीप सरकार, रविंद्र राय, शिव दत्ता, कला चांद, देवनाथ, सचिव पुलिन मंडल, सह सचिव बासु सरदार, कोषाध्यक्ष गोपाल हालदार, उप कोषाध्यक्ष संतोष सरदार, संयोजक समरेश कुमार मंडल, प्रवक्ता शैलेंद्र मंडल, सह प्रवक्ता नीलकमल मंडल, मुख्य संगठन मंत्री कृष्णा मालिक, संगठन मंत्री रविंद्र विश्वास, दिलीप मंडल, उत्तम कुमार दास, मीडिया प्रभारी सूरज दास, कार्यालय प्रभारी जगदीश मंडल, सह कार्यालय प्रभारी मुकेश मिस्त्री को बनाया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रामू घोष ने समाज के लोगों में एकता बनाए रखने तथा शिक्षा के स्तर को बढ़ाने पर बल दिया। अंत में आभार व्यक्त पुलिन मंडल ने किया जबकि संचालन निरंजन विश्वास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संदीप घोष, सुशांत सिरदार, समीर हालदार, सतीश मंडल, सचिन राय, कर्णधर राय, मनोज विश्वास, गौतम ठाकुर, सिद्धार्थ हालदार, श्यामल समद्दार उपस्थित थे।



## सामान रख मुख्य मार्ग को अवरूद्ध करने वाले दुकानदारों को सीएमओ ने जारी की नोटिस

**बिश्रामपुर।** शिवनन्दनपुर नगर पंचायत के मुख्य मार्ग एनएच स्थित दोनों छोरों के दुकानदारों द्वारा सड़क व नाली में सामान रख कर रास्ता बाधित कर दिया जाता है, इन अतिक्रामकों के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी जारी करते हुए सम्बंधित दुकानदारों को शिवनन्दनपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मंगलवार को नोटिस जारी कर दिया गया है जारी किये गये नोटिस में नगर पालिका अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने का जिक्र करते हुए अतिक्रामक स्थल से बेदखल करते हुए सामान जप्ती किये जाने की चेतावनी दी गई है। गौरतलब है कि कई दुकानदारों द्वारा सड़क पर टेंट तम्बू लगाकर सामानों को भी बाहर रख दिया जाता है जिसके कारण एनएच रास्ता अवरुद्ध हो गया है,ऐसे में आने जाने वाले राहगीर समेत सड़क पर वाहनों को पार्क करने में लोगों को काफी दिक्कत होती है, उक्त मामले को लेकर कुछ दिनों पूर्व ही नायब तहसीलदार पिलखा ने पुलिस बल के साथ मेन मार्केट का भ्रमण कर मौखिक रूप से चेतावनी दी थी, इसके बावजूद सड़क पर सामान रखने का सिलसिला बंद नहीं हो पाया है।



## देर रात प्रसव से तड़पती रही महिला, ताला लगाकर नर्स नदारद, घर में हुआ बच्चे का जन्म

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चरमराई व्यवस्था, मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

ग्रामीण क्षेत्र में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का दावा करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। स्वास्थ्य केन्द्रों में मौजूद अव्यवस्था का खामियाज ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आम लोगों को समय पर उपचार मुहैया कराने के बजाए चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। स्वास्थ्य केंद्र में रात्रिकालीन स्वास्थय व्यवस्था का सबसे बुरा हाल है। ऐसा ही एक मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुतुरमा का है जहां अक्सर रात को चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी से गायब रहते है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने बीएमओ से शिकायत कर लापरवाह चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार 14 अप्रैल की रात ग्राम गुतुरमा निवासी मिथुन गुप्ता की पत्नी को रात एक बजे प्रसव पीड़ा हुई। प्रसव पीड़ा बढने पर मिथुन अपनी पत्नी को लेकर उपचार के लिए आधी रात को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे जहां गेट में ताला लगा था और रात्रिकालीन ड्यूटी में पदस्थ स्टाफ नर्स गायब थी। युवक काफी देर तक गेट के बाहर खड़े होकर आवाज लगाते रहा पर कोई बाहर नही निकला। मजबूरी में युवक प्रसव पीड़ा से कराह रही अपनी पत्नी को लेकर घर वापस आ गया। घर वापस आते ही युवक की पत्नी की परेशानी और बढ़ गई और वह दर्द से कराहने लगी। पत्नी की हालत देख युवक अपने छोटे भाई को दुबारा हॉस्पिटल भेजा। जहां युवक के भाई द्वारा आवाज लगाने के बाद हॉस्पिटल में मौजूद सफाईकर्मी बाहर निकली उससे जब पूछा गया कि स्टाफ नर्स कहा है तो उसने बताया कि वो ड्यूटी में आई ही नही है। युवक का भाई मायूस होकर घर वापस आया और डॉक्टर को फोन लगाया। फोन पर डॉक्टर को सारी वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लगभग एक घंटे बाद स्टाफ नर्स हॉस्पिटल पहुंची तब तक प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला की जान पर बन आई थी।आखिरकार प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला ने घर मे ही बच्चे को जन्म दे दिया। बच्चा जन्म लेने के बाद युवक का भाई स्टाफ नर्स को लेने हॉस्पिटल पहुंचा ताकि नवजात बच्चे के साथ उसकी मां का स्वास्थ्य परीक्षण हो सके किंतु नर्स ने डॉक्टर का हवाला देते हुए घर जाने से मना कर दिया। युवक द्वारा बार बार आग्रह के बाद भी नर्स घर जाने को राजी नही हुई। स्टाफ नर्स का कहना था कि डॉक्टर ने मना किया है घर जाने के लिए इसलिए मां और नवजात बच्चे को हॉस्पिटल लाना पड़ेगा। चूंकि जन्म के बाद बच्चा शारीरिक रूप से मां से जुड़ा हुआ था।इसलिये मां एवं नवजात बच्चे को हॉस्पिटल ले जाना संभव नही था यह सब जानते हुए भी स्टाफ नर्स के असहयोगात्मक रवैये की वजह से थोड़ी देर के लिए हॉस्पिटल में माहौल गरमा गया था। इधर उपचार के अभाव में घर मे जन्म लेने वाले नवजात बच्चे की तबियत बिगड़ती देख घरवाले घबरा गए थे। इतना कुछ होने के बाद जब स्टाफ नर्स को लगा कि स्थिति बिगड़ सकती है तब वो अपने सहयोगियों के साथ घर गई और नवजात बच्चे समेत मां का उपचार किया। उपचार के बाद बच्चे की हालत में सुधार देख घरवालों ने राहत की सांस ली।प्रसव पीड़ा के दौरान जीवन और मौत से जूझने वाली मां और नवजात बच्चा दोनों फिलहाल स्वस्थ है लेकिन इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्था उजागर हो गई।खासकर क्षेत्र के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में रात्रिकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था का क्या हाल है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुतुरमा की स्थिति देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबंध में मिथुन गुप्ता ने बीएमओ को आवेदन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवा चरमरा गई है रात को अक्सर स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी से गायब रहते है जिसकी वजह से लोगो को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्था दूर करने एवं रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवा में सुधार करने की मांग की है।



इस संबंध में बीएमओ डॉ. एसएन पैंकरा ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुतुरमा में लापरवाही को लेकर शिकायत मिली है। जांच के लिए जांच दल गठित कर दिया गया है।

17 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-3_Layout 1 4/17/2025 9:22 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि
कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 पीजी के चार विषयों की मान्यता के लिए राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में ग्रामीण की मौत, एक घायल

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली थानांक्षेत्र अंतर्गत मनसूख में हुए एक बाइक दुर्घटना में एक ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनसूख खालपारा निवासी संतलाल पिता स्व. धनसाय चेरवा बीते 15 अप्रैल को बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। इस दौरान 16 अप्रैल को उसकी मौत हो गई। वहीं घटना में बाइक सवार नाहर सिंह घायल है, जिसका उपचार जारी है। घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### आमजन के बीच नशे के दुष्प्रभावों को बताया



**बैकुण्ठपुर।** समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में ग्राम विकास समिति बैकुंठपुर द्वारा सुखदेव सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल पटना में एक प्रभावशाली नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि इसके कारण गंभीर बीमारियां, सड़क दुर्घटनाएं, पारिवारिक तनाव, बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव, आर्थिक तंगी और समय का दुरूपयोग जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। नशा व्यक्ति की सोच को नकारात्मक दिशा में मोड़ देता है और समाज में असंतुलन पैदा करता है। संस्था प्रभारी ने जानकारी दी कि जो व्यक्ति नशे की लत से ग्रसित हैं और स्वयं उससे छुटकारा पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए धौराटिकरा बैकुंठपुर स्थित नशा मुक्ति पुनर्वास केन्द्र में निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें आवास, परामर्श, चिकित्सा, भोजन, योग, शिक्षा एवं जीवन कौशल विकास की सेवाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम में स्कूल के व्यवस्थापक प्रेमसागर सिंह, प्राचार्य अशोक कुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### केन्द्र सरकार के विरुद्ध हल्ला बोले कांग्रेसी



**डोमनहिल।** ईडी द्वारा सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हल्दीबाड़ी स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पूरी तरह से निराधार है और यह केन्द्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की नीति का हिस्सा है। पूर्व महापौर डमरू रेड्डी ने इसे राज्य प्रायोजित अपराध बताया, वहीं वरिष्ठ कार्यकर्ता बरुण शर्मा ने इसे बदले की राजनीति करार दिया। पार्षद राहुल भाई पटेल ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास है। इस दौरान मनजीत सिंह, शाहीन पारासर, मईकन अली, ओमप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश प्रीतम, रान दास समेत काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी पर केन्द्र के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षदों समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## प्रेमाबाग में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने खेल रही बच्ची को कुचला

# नौसिखिए ने ली 8 साल की बच्ची की जान



घटनास्थल जहां दुर्घटना हुई। इनसेट में मृत बालिका।



इस रास्ते पर सिखा रहा था ड्राईविंग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के प्रेमाबाग में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। गर्मी की छुट्टियां मनाने मामा के घर आई 8 वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने बाउंड्री में घुसकर उसे कुचल डाला। हादसे के पीछे लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना ड्राइविंग की भयावह तस्वीर भी सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल की सुबह प्रेमाबाग बाबू कॉलोनी निवासी सुनील विश्वकर्मा की भांजी इमांशी विश्वकर्मा पिता बहादूर विश्वकर्मा उम्र 8 वर्ष बाउंड्री के अंदर खेल रही थी, इसी दरम्यिान स्कार्पियों वाहन क्रमाक सीजी 16 सीक्यू 2859 में नौसिखिया आरोपी चालक आयूष पैकरा पिता रामअवतार पैकरा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सत्तीपारा ने जबरजस्त ठोकर मार दी। ⏭ शेष पेज 4 पर



दुर्घटनाकारित वाहन।



पुलिस हिरासत में लिए गए चालक।

### मामा के घर आई थी मासूम

मृत बालिका इमांशी अपने मामा के घर गर्मी की छुट्टियां बिताने आई थी, सभी हंसी-खुशी समय गुजार रहे थे, इसी बीच गुरूवार की सुबह हुए इस अप्रत्याशित घटना से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतिका के मामा सुनील विश्वकर्मा डेयरी संबंधी कामकाज देखते हैं।

### तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम नहीं

रिहायशी वार्डों में दुपहिया और चारपहिया वाहनों की गति पर कोई नियंत्रण नहीं है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है। यह हादसा न सिर्फ एक मासूम की असमय मौत है, बल्कि यह प्रशासन, समाज और ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े करता है।

### रहवासी इलाके में सीख रहा था गाड़ी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ब्लैक रंग की स्कार्पियों वाहन में नौसिखिए चालक के बगल में एक युवक और बैठा हुआ था, जो उसे गाड़ी चलाना रहवासी इलाके में सिखा रहा था। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के दौरान जब आरोपी चालक ने जबरजस्त ठोकर मारी तो उस दौरान वाहन से उसका नियंत्रण हट गया था, किसी तरीके से गाड़ी को बैक किया तो बालिका को निकाला जा सका। ठोकर इतनी जबरजस्त थी कि गेट सहित बाउंड्री बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई।

### नागरिकों में आक्रोश

हादसे के बाद क्षेत्र में गुस्से का माहौल है। लोगों ने मांग की है कि घनी बस्तियों में तेज रफ्तार और ट्रायल ड्राइविंग पर तत्काल रोक लगे। नागरिकों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि क्या शहर की गलियों में इस तरह ड्राइविंग सिखाना अपराध नहीं? क्या रिहायशी इलाकों में वाहन नियंत्रण के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं है? यदि समय रहते नियम बनाए जाते, तो एक मासूम की जान बच सकती थी।



सड़क पर बहता पानी।

## पाइप लाइन क्षतिग्रस्त व्यर्थ बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी के दिनों में जल के महत्व को देखते हुए प्रशासन द्वारा जिले में आवा झोंकी पानी अभियान शुरूआत की है, इसके तहत जल संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है और लोगों को जल के महत्व को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है।

वहीं बैकुंठपुर शहर के मुख्य मार्ग पर पेयजल के लिए विस्तारित पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से प्रतिदिन पेयजल बर्बाद हो रहा है। ऐसा महीनों से स्थिति बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदारों को शायद दिखाई नहीं दे रहा। जानकारी के अनुसार शहर से गुजरी मुख्य मार्ग पर मिशन कालोनी मोड़ के पास ही जमीन के नीचे से बिछाई गई पेयजल सप्लाई का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है, इसके कारण डामर के सड़क पर छोटा होल हो गया और उसी होल से प्रतिदिन दोनों समय पानी की धार निकलकर सड़क किनारे बह रहा है। ऐसी हालत नपा के जल शोधन केन्द्र के पास मुख्य सड़क की है, जहां से प्रतिदिन नपा के कर्मी आते-जाते रहते हैं। ऐसी हालत महीनों से बनी हुई है, लेकिन सड़क के बीच से नीचे से निकलकर बह रहे पेयजल को रोकने की दिशा में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधार करने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हो पाई है, इसका नतीजा यह हो रहा है कि प्रतिदिन पेयजल भारी मात्रा में बेकार बहकर नाली में चला जा रहा है। नपा प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेकर जल्द मुख्यमार्ग पर क्षतिग्रस्त पाइप को सुधार करने की आवश्यकता है, ताकि पेयजल बेकार न बहता रहे।

## आदिवासी नाबालिग युवक से मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ विधायक प्रतिनिधि पहुंचे रामगढ़

कोरिया जिले के सोनहत जनपद के रामगढ़ पुलिस चौकी अंतर्गत एक आदिवासी नाबालिक युवक से वन विभाग के कर्मियों के द्वारा मारपीट करने के मामले में पीड़ित ने चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत कर आरोपी वन कर्मियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

वहीं मामले की जानकारी मिलने पर सोनहत के भाजपा मंडल महामंत्री और विधायक प्रतिनिधि मनोज साहू अपने टीम के साथ मौके पर पहुंच ग्रामीणों और परिजन से चर्चा की है। शिकायत के अनुसार सोनहत जनपद के रामगढ़ पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सिंघोर निवासी 17 वर्षीय एक युवक ने चौकी प्रभारी रामगढ़ को लिखित शिकायत देकर अपने साथ हुए घटनाक्रम का उल्लेख बताया कि घटना दिवस को वह गांव से करीब 4 किमी दूर जंगल की ओर गेरवानी नामक जगह पर गया था, जहां वे खेती-बाड़ी करता है और शाम के समय जब वह घर लौट रहा था, इसी दौरान बोलेरों वाहन में पार्क परिक्षेत्र के कर्मी आए और जंगल में आग लगाने की बात कहते हुए ⏭ शेष पेज 4 पर



### सातवां पोषण पखवाड़े का आयोजन

**अनूपपुर।** सातवां पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत अनूपपुर जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में पोषण पखवाड़ा के तहत मंगलवार को अनूपपुर जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। आंगनबाड़ी केन्द्रों में अन्नप्राशन दिवस मनाया गया, इसमें 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया एवं 6 से 12 माह तक के बच्चों को पोषण के रूप में दिए जाने वाले आहार के बारे में माताओं को जानकारी दी गई।

## डिप्टी सीएम साव से विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को छग के उप मुख्यमंत्री अरूण साव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान जिले एवं विशेष रूप से पटना नगर पंचायत से संबंधित विकास कार्यों, समस्याओं और जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल में भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पार्षद श्रीमती ज्योति सिंह, सुनील सिंह, देवेन्द्र सिंह शामिल रहे। भेंट के दौरान श्री साव ने प्रतिनिधिमंडल को क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित में निरंतर काम कर रही है और कोरिया जिला भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए ज्ञापन सौंपा और इन योजनाओं को प्राथमिकता देने की मांग की।



उपमुख्यमंत्री से मुलाकात करते कोरिया के भाजपाई

## गुड फ्राइडे आज, होगी विशेष प्रार्थना

**बैकुण्ठपुर।** ईसाई समुदाय का प्रमुख धार्मिक पर्व गुड फ्राइडे इस वर्ष 18 अप्रैल शुक्रवार को श्रद्धा एवं भावनाओं के साथ मनाया जाएगा। यह दिन प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है, जिसे ईसाई धर्मावलंबी शोक दिवस के रूप में मनाते हैं।

कोरिया-एमसीबी जिले के चर्चों में इस दिन विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित होंगी, जहां श्रद्धालु प्रभु यीशु के त्याग और करूणा को स्मरण करेंगे। गुड फ्राइडे के अवसर पर लोग उपवास रखते हैं, काली पोशाक पहनते हैं और चर्च में मौन प्रार्थना करते हैं। किसी भी प्रकार का उत्सव या हर्षोल्लास नहीं किया जाता, बल्कि शांतिपूर्वक प्रभु के बलिदान को याद किया जाता है। ईसाई समाज के अनुसार गुड फ्राइडे वह दिन है जब यीशु मसीह को मानवता के पापों के प्रायश्चित के लिए सूली पर चढ़ाया गया था, इसके तीन दिन बाद ईस्टर संडे को उनके पुनरुत्थान का पर्व मनाया जाता है। प्रशासन की ओर से इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।



### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 10 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा/राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक, व्यवहारिक, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नपा के पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह के आधार पर किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों का मध्यस्थता व सुलह-समझौते के आधार पर निराकरण के लिए अधिवक्ता बार कक्ष में न्यायाधीशगण एवं अधिवक्ताओं के साथ समन्वय बैठक एवं मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## बेवरापारा के बाद अब बरगीडीह के महोरा में मिले डायरिया के 4 मरीज

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा विकासखंड के ग्राम चिरगा बेवरापारा में फैले उल्टी दस्त को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। गांव में त्यौहार मानाने के दौरान हड़िया पीने से ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ी और एक महिला की मौत होने के साथ ही 14 पहाड़ी ग्रामीण बीमार हो गए। वहीं अब विकासखंड के ग्राम महोरा में भी चार नए मरीज सामने आए है जिनका उपचार कराया जा रहा है।

विकासखंड लुंड्रा के चिरगा अंतर्गत ग्राम बेवरापारा में सोमवार की देर शाम कुछ मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत आई थी। गांव में ग्रामीणों को उल्टी दस्त होने की जानकारी मितानिन ने स्वास्थ्य विभाग को दी जिसके बाद देर रात से ही प्रभावित गांव में कैंप लगा दिया गया था। इस गांव में कुल 27 पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत है और गांव में डायरिया के कुल 14 मरीज सामने आए है। सभी डायरिया के मरीजों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरपुर में किया जा रहा है जबकि इस दौरान एक महिला के मौत की पुष्टि भी हुई है। गाँव की 65 वर्षीया बिलासो की उल्टी दस्त से मौत हुई है। महिला की 13 अप्रैल की देर रात तबीयत खराब हुई थी जिसके बाद उसका उपचार गांव में ही किया जा रहा था। गांव में महिला को ड्रिप लगाकर उसका उपचार किया जा रहा था और 14 अप्रैल को महिला की मौत हो गई थी। हालांकी इस मामले में स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि महिला की मौत उल्टी दस्त से नहीं हुई है। उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार हो गया था लेकिन अगले दिन महिला की मौत हो गई। बेवरापारा में डायरिया को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि दूषित पानी पीने से उनकी तबियत बिगड़ी जबकि स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि रामनवमी के दौरान गांव में त्यौहार मनाया गया। इस त्यौहार में विकासखंड के साथ ही दूसरे जिलो से भी मेहमान आए थे और सभी ने हडिया शराब पिया। दूषित हड़यिा पीने कारण ही उनकी तबीयत खराब हुई है। इधर बुधवार को बेवरापारा में किसी नए डायरिया के मरीज की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन विकासखंड के ग्राम बरगीडीह के ग्राम महोरा में चार नए पहाड़ी कोरवा मरीज सामने आए है। डायरिया के ये चार मरीज भी बेवरापारा में आयोजित समारोह में शामिल होने गए थे और उसके बाद उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत हुई है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को का कहना है कि बेवरापारा में किसी भी नए मरीज की पुष्टि नही हुई है लेकिन महोरा में चार नए केस आए है। सभी ने बेवरापारा में हड़यिा शराब पीया था। वहीं महिला उल्टी दस्त से ग्रसित थी लेकिन उपचार के बाद वह ठीक हो गई थी। इस बीच अचानक ही महिला की मौत हो गई। शेष सभी डायरिया के मरीजों का उपचार चल रहा है।



मरीज का उपचार करते चिकित्सक।

## एक महीने से सचिवों का हड़ताल अनवरत जारी

# सरकार को जगाने सचिव अब भूख हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर जिले के ग्राम पंचायत सचिव बीते 17 मार्च से अपनी एक सूत्रीय मांग मोदी की गारंटी लागू करने यानी शासकीयकरण करने को लेकर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग मंदिर परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हैं। पंचायत सचिवों का आंदोलन करते एक माह पूरा हो गया। गुरूवार को धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार ग्राम पंचायत सचिवों के जायग मांग पर अब तक विचार नहीं कर रही है। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार नहीं बना था, तब भाजपा घोषणा में मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण करने का वादा किए थे, पर सरकार आने के बाद मुकर कर राज्य में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों के मांग के प्रति कोई चिंता नहीं कर रही है। पदाधिकारियों ने कहा कि पंचायत निर्वाचन के बाद निर्वाचित सरपंचों का प्रभार नहीं हुआ है, इसके कारण आमजन ग्राम पंचायत का विकास कार्य पूर्णतः बंद है। सरकार ग्राम पंचायत सचिवों के बिना ही ग्राम पंचायत को चलाने की सोच रही है। सरकार को जगाने अब भूख हड़ताल शुरु हो गई है, इसमें कबीर दास, गणेश राजवाड़े, कमलेश्वर सिंह, आगर साय, लालमन यादव शामिल रहे।



हड़ताल में बैठे पंचायत सचिव।

### पंचायत के कामकाज हो रहे प्रभावित

ग्राम पंचायत सचिवों के अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण करने को लेकर एक माह से हड़ताल पर चले जाने के कारण ग्राम पंचायतों में विभिन्न तरह के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार सचिवों के हड़ताल के कारण ग्राम पंचायत में जन्म मृत्यु पंजीयन, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, स्वच्छ भारत मिशन, पेयजल व्यवस्था विद्युत पथ सुधार सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं बाधित हो रही है। साथ ही सचिवों के हड़ताल के कारण 15 वें वित्त की राशि का उपयोग नहीं होने के कारण कई विकास योजनाएं व जरूरी कार्य पर विराम लग गया है, इससे ग्रामवासी परेशान हैं।

### निर्वाचित सरपंच बैठे हैं बेकार

जानकारी के अनुसार पंचायत निर्वाचन के बाद नव निर्वाचित सरपंच को प्रभार नहीं मिलने के कारण ग्राम पंचायत का कार्य नहीं हो पा रहा है, निर्वाचित सरपंच बेकार खाली बैठे हैं। बताया जाता है कि प्रशासन ग्राम सचिवों के हड़ताल पर जाने पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का दावा करती है, लेकिन सरपंचों को प्रभार नहीं मिलने के कारण ग्राम पंचायत के कामकाज प्रभावित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत का सामान्य कार्य तो चल रहा है, लेकिन सचिवों के हड़ताल के कारण वित्तीय अधिकार नहीं मिलने से पंचायतों का काम काज ठप्प हो गया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पुनः सिजेरियन

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में पुनः सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है।

1 अप्रैल से अब तक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि कुमार एवं निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. मरावी द्वारा कुल 6 सिजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए हैं। इनमें सभी माताएं एवं नवजात पूर्णतः स्वस्थ हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में यह सेवाएं सतत रूप से संचालित की जा रही हैं। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत इन ऑपरेशनों को पूर्णतः निःशुल्क किया जा रहा है, जिससे माताओं एवं नवजातों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के सतत प्रयासों के फलस्वरूप अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में नियमित रूप से सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।



## खबर संक्षेप

### 4-4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बैकुंठपुर।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान के अनुसार, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(क)(1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत वार्ड नंबर 33 बी-टाईप गोदरीपारा तहसील चिरमिरी में माला सिंह की मृत्यु मधुमक्खियों के काटने के कारण हो गया था, जिससे उनके पति कमलेश सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, आकाश सिंह आ. राय सिंह निवासी ग्राम दुग्गी तहसील खड़गवां की मृत्यु डबरी के पानी में डूबने के कारण हो गया था, जिससे मृतक के पिता राय सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार खड़गवां तहसील के ग्राम मंगोरा निवासी भूषणराम की जहरीले सर्प के काटने से हुई मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी राजन बाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या-58 मुख्य शीर्ष-2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकलनीय होगा।

### मेडिकल स्टोर में चल रहा था मरीजों का उपचार, सील




**धौरपुर।** ग्राम पंचायत लुंड्रा स्थित एक मेडिकल स्टोर में लंबे समय से मरीजों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। अच्छे उपचार के नाम पर दूरस्थ क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीणों को भर्ती कर इंजेक्शन एवं कैप्सूल के नाम पर मोटी राशि की वसूली की जा रही थी। मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा चिकित्सा निर्देशों की अवहेलना व मरीजों की जान से खिलवाड़ करने की शिकायत पर मंगलवार को देर शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की तथा मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुंड्रा के बगल में मो.गालिब खान द्वारा हिन्द मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा था। मेडिकल स्टोर संचालक स्टोर के पीछे बेड लगाकर लम्बे समय से मरीजों को भर्ती कर उपचार करता था। इसकी शिकायत पर मंगलवार को रात्रि 8 बजे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेडिकल स्टोर में छापा मारा।

## पृष्ठ 3 का शेष

### नौसिखिए ने ली ...

इस घटना में बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। आनन-फानन में बालिका को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद परिवार में दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच आरोपी चालक को हिरासत में लेकर उसके विरूद्ध बीएनएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आदिवासी नाबालिग ...

गाली-गलौज और धक्का-मुक्की किए तथा अपने साथ गाड़ी में बैठाकर पार्क परिक्षेत्र आफिस ले गए, जहां वन कर्मियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की तथा रात में जमीन पर सुलाए थे और गाली-गलौज करते रहते थे। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि वह आरोपी वन कर्मियों का नाम नहीं जानता उनके विरूद्ध जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई।

---

### उपलब्ध संसाधनों और फैकल्टी की ली जानकारी

# पीजी के चार विषयों की मान्यता के लिए राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- ईएनटी, आई, माइक्रोबायोलॉजी व एनाटॉमी विभाग के लिए पहुंचे विशेषज्ञ

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित पीजी कक्षाओं की मान्यता को लेकर बुधवार को राज्य स्तरीय टीम ने आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम ने मेडिकल कॉलेज के चार प्रमुख विभागों में मौजूद सुविधाओं और प्राध्यापकों की उपलब्धता का जायजा लिया। टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट एनएमसी को भेजी जाएगी जिसके आधार पर आने वाले दिनों में पीजी के इन विषयों के संचालन हेतु मान्यता की स्थिति स्पष्ट होगी लेकिन इन सब के बीच माइक्रोबायोलॉजी विभाग में प्राध्यापक की कमी के कारण इसकी मान्यता पर खतरा मंडरा रहा है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस के साथ ही पीजी की पढ़ाई हेतु मान्यता मिली थी। मेडिकल कॉलेज को पूर्व में कुल 15 विषयों माइक्रो बायोलॉजी, फार्मेकोलॉजी, नेत्र रोग, कम्युनिटी मेडिसिन, शिशु रोग विशेषज्ञ, बायो केमेस्ट्री, एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, पैथोलॉजी, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, अस्थि रोग, ईएनटी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, निश्चेतना विषयों पर एमडी एमएस के लिए कुल 46 सीटों की मान्यता मिल गई थी। इस मान्यता के बाद मेडिकल कॉलेज में पीजी की कक्षाएं शुरू हुई थी और लगातार प्रतिवर्ष विभिन्न विभागों की सीटों पर एमबीबीएस छात्र छात्राओं के एडमिशन लेकर स्नातकोत्तर की पढ़ाई कराई जा रही है। हालांकी कॉलेज पूर्व से ही प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक की कमी से जूझ रहा है। फैकल्टी की कमी के कारण कॉलेज को पूर्व में कुछ विषयों में एडमिशन नहीं लिए जा रहे है जबकि शेष विषयों की मान्यता को लेकर कॉलेज का निरीक्षण चल रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को चार सदस्यीय राज्य स्तरीय टीम ने मेडिकल कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम ने मेडिकल कॉलेज में संचालित ईएनटी, नेत्र रोग, माइक्रो बायोलॉजी व एनाटॉमी विषय को लेकर उपलब्ध संसाधनों और प्राधयापकों की उपलब्धता का जायजा लिया। टीम में ईएनटी का डॉ. आरती पाण्डेय, आई विभाग का डॉ. सुचिता सिंह, माइक्रो बायोलॉजी विभाग का डॉ. सागरिका प्रधान और एनाटॉमी विभाग का डॉ. वीणा मोटवानी ने निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में टीम ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या की मौजूदगी में सभी विभागों की जानकारी प्रदान की और विभागों का निरीक्षण करने के साथ ही मरीजों की ओपीडी, आईपीडी, फैकल्टी की जानकारी ली।


निरीक्षण टीम व अस्पताल के अधिकारी।

### माइक्रो बायोलॉजी में नहीं है प्राध्यापक

बुधवार को टीम ने पीजी के जिन चार विषयों को लेकर निरीक्षण किया उनमें ईएनटी, आई विभाग, एनाटॉमी विभाग में तो फैकल्टी की उपलब्धता पर्याप्त है लेकिन माइक्रोबायोलॉजी विभाग में प्राध्यापक की कमी है। पूर्व में माइक्रो बायोलॉजी की जिम्मेदारी पूर्व अधिष्ठाता डॉ. आर मूर्ति के पास थी लेकिन माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. मूर्ति का स्थानान्तरण होने के बाद कॉलेज में किसी दूसरे प्राध्यापक की नियुक्ति नहीं की गई। यही वजह है कि इस विभाग में प्राध्यापक की कमी है और इस बार मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा पीजी में माइक्रोबायोलॉजी विभाग में एडमिशन भी नहीं लिए गए है।

### खाली रह गई पीजी की 3 सीटें

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में इस बार पीजी की सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया चल रही थी। पूर्व में ही प्राध्यापक की कमी से फार्मेकोलॉजी विषय की सीटों पर एडमिशन नहीं लिए गए थे। पूर्व में मेडिकल कॉलेज में सिर्फ 43 सीटों पर ही एडमिशन लिए गए थे लेकिन इस वर्ष मेडिकल कॉलेज में सिर्फ 13 विषयों के लिए 41 सीटों पर ही एडमिशन लिए जा रहे है। कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी विषय के लिए पीजी कक्षा में एडमिशन नहीं हुए। मेडिकल कॉलेज में तीन महीने से अधिक समय तक पीजी की कक्षाओं में एडमिशन की प्रक्रिया चली और स्टेट व ऑल इंडिया कोटा से विभिन्न चरणों में पूर्ण की गई प्रक्रिया के बाद कुल 38 एडमिशन ही हो पाए। मेडिकल कॉलेज में एनाटॉमी सहित एक अन्य विभाग में कुल 3 एडमिशन नहीं हुए है। ऐसे में इस बार कॉलेज में तीन सीटें खाली रह गई।

### किया गया है निरीक्षण

पीजी के चार विषयों के एफ्लिएशन को लेकर राज्य स्तरीय टीम ने मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का निरीक्षण किया है। दिनभर चले निरीक्षण के बाद टीम लौट गई है। इसके साथ ही इस बार मेडिकल कॉलेज में पीजी में कुल 38 सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है।
डॉ. आरसी आर्या, अधिष्ठाता

---

# अक्षत ने खुद ही दी थी अपनी हत्या की सुपारी, साथ लेकर आया था हथियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के युवा व्यवसायी अक्षत केडिया हत्याकांड के मामले में आरोपी के नार्को, पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग टेस्ट की रिपोर्ट आ गई है। इस रिपोर्ट में आरोपी द्वारा पूर्व में दिए गए बयान की पुष्टि हो गई है। पुलिस के अनुसार मृतक अक्षत ने ही आरोपी संजीव मंडल को अपनी हत्या की सुपारी दी थी। मृतक ही अपने साथ हथियार लेकर आया, हत्या के लिए रूपए और गहने दिए। वहीं इस बात की भी पुष्टि हुई है कि घटना के समय घटना स्थल पर कोई तीसरा व्यक्ति मौजूद नहीं था। रिपोर्ट आने के बाद अब पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्ज शीट पेश करने की बात कही जा रही है।


मृतक अक्षत।


आरोपी संजीव।

- ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट में हुई आरोपी के बयान की पुष्टि, जांच के लिए भेजा गया था गुजरात

बता दें कि पटपरिया निवासी अम्बिका स्टील के संचालक अक्षत केडिया के पुत्र अक्षत केडिया का शव 21 अगस्त 2024 को चठिरमा के जंगल में उसकी कार क्रमांक सीजी 10 बीएस 4184 से बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने भगवानपुर निवासी 29 वर्षीय संजीव मंडल उर्फ भानु को गिरफ्तार किया था। पुलिस को दिए गए बयान में आरोपी ने जो कुछ बताया उससे इस हत्या की गुत्थी सुलझने के बदले और भी उलझ गई थी। आरोपी ने पुलिस को बयान दिया था कि मृतक अक्षत केडिया ने खुद अपनी हत्या की सुपारी उसे दी थी। 50 हजार रुपए, सोने का चेन, अंगूठी, ब्रेसलेट दिया था और हत्या के लिए हथियार भी खुद उपलब्ध कराया था। सुपारी मिलने के बाद उसने अक्षत केडिया को तीन गोलियां मार दी। आरोपी के बयान पर परिजन के साथ ही पुलिस को भी यकीन नहीं था। पुलिस ने आरोपी संजीव मंडल उर्फ भानु को बीएनएस की धारा 103, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था और रिमांड पर लेकर तीन दिनों तक पूछताछ की लेकिन वह अपने बयान पर अडिग रहा। ऐसे में पुलिस की जांच उलझकर रह गई थी। अंततः पुलिस ने हत्या की असली वजह जानने के लिए पुलिस ने आरोपी का नार्को टेस्ट, ब्रेन मैपिंग तथा पॉलीग्राफ टेस्ट कराने का निर्णय लिया।

### नहीं खुल पाया मोबाइल

पुलिस को घटना स्थल से मृतक अक्षत केडिया का मोबाइल फोन मिला था। पुलिस उम्मीद थी कि इस मोबाइल फोन के माध्यम से युवक के हत्या या खुद की सुपारी देने के कारणों का पता चल सकेगा लेकिन मृतक का मोबाइल आई फोन लॉक था। इस फोन से ही मैसेज का आदान प्रदान हुआ था और मैसेज इंस्टाग्राम के माध्यम से हुए थे और कुछ समय बाद मैसेज डिलीट हो गए। पुलिस द्वारा मृतक के मोबाइल का लॉक खोलने के लिए प्रयास किए जा रहे थे और इस हेतु एनाईए, सीबीआई से भी सम्पर्क किया गया लेकिन सभी प्रयासों के बाद भी पुलिस को इसमें सफलता नहीं मिल पाई।

### दिए गए थे अलग अलग सवाल

दिसम्बर के महीने में आरोपी का गुजरात में ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया। तीनों टेस्ट अलग अलग तरीके से होते है और तीनों टेस्ट के लिए पुलिस ने संदेहों के आधार पर अपने सवाल बनाकर विशेषज्ञों को दिए थे। सरगुजा पुलिस द्वारा दिए गए सवालों के आधार पर ही आरोपी के ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट हुए और अब लम्बे इतंजार के बाद इसकी रिपोर्ट आ गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा पूर्व में दिए गए बयानों की पुष्टि हो गई है। अब जो रिपोर्ट आई है उसके अनुसार मृतक अक्षत केडिया ने ही आरोपी संजीव मंडल को खुद के हत्या की सुपारी दी थी। अक्षत खुद हथियार लेकर घटना स्थल आया था जहां उसने उसे रूपए और सोने के गहने दिए और हत्या के लिए हथियार भी उपलब्ध कराया। हथियार में मौजूद कारतूस राउंड भी अक्षत के ही थे। वहीं पुलिस यह भी पता लगा रही थी कि घटना स्थल पर कोई तीसरा व्यक्ति भी मौजूद था या नहीं और इसकी रिपोर्ट भी निगेटिव आई है। घटना स्थल पर मृतक और आरोपी के अलावा कोई तीसरा व्यक्ति नहीं था।

### हुई है बयान की पुष्टि

अक्षत केडिया की हत्या के मामले में जांच चल रही थी। आरोपी संजीव मंडल ने बताया था कि मृतक ही हथियार लेकर आया था और उसी ने मारने के लिए बोला था। मृतक ने ही खुद को मारने के लिए पैसे और गहने दिए। इस मामले की जांच के लिए आरोपी का ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ कराने के लिए गुजरात भेजा गया था। अब तीनों रिपोर्ट आ गई है और इसमें आरोपी द्वारा पूर्व में दिए गए बयान की पुष्टि हुई है। अक्षत ने ही हथियार दिया था और हत्या के लिए रूपए व गहने दिए थे। इसके साथ ही घटनास्थल पर कोई दूसरा आरोपी नहीं था। अब इस मामले में चालान पेश कर दिया गया है।
**-योगेश पटेल**, एसपी सरगुजा

---

# कांग्रेस ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं खिलाफ ईडी द्वारा चार्जशीट दायर करने के मामले में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया है। कांग्रेस ने बुधवार को ईडी और केंद्र सरकार का पुतला दहन करने के साथ ही जमकर नारेबाजी की।

बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस ने घड़ी चौक में ईडी और केंद्र सरकार का पुतला जलाया। पुतला जलाने को लेकर पुलिस वालों के साथ भिड़ंत के बीच कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस के तमाम प्रयासो के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता गोल घेरा बनाकर आसानी से पुतला फूंकने में सफल हुए।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक द्वेष के चलते कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही है। नेशनल हेराल्ड अखबार आजादी की लड़ाई मेंअंग्रेजो के विरुद्ध एक मजबूत वैचारिक हथियार के रूप में लाया गया था। उसे बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी यंग इंडिया नामक गैर लाभकारी कम्पनी बनाकर आगे आयी। जब सारे लेनदेन बैंक खाते से किया गया। कम्पनी ने कोई लाभ नहीं कमाया तो घोटाले की बात कहां से आ गयी। 2012 से जांच के नाम कांग्रेस नेताओं को बदनाम किया जा रहा है आज तक जान एजेंसियों के हाथ कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इससे पहले कोविड के समय बीमार अवस्था में सोनिया गांधी से 12 घण्टे और राहुल गांधी से 50 घण्टे की पूछताछ हो चुकी है। देश मे जब भी कोई गम्भीर संकट की स्थिति बनती है केंद्र सरकार उससे जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाती है। हम अंग्रेजो से लड़कर उन्हें देश छोड़ने पर मजबूर करने वाले लोग है इन फासीवादियों के षड्यंत्र से डरने वाले नहीं हैं। इसका पुरजोर विरोध होगा। इस दौरान पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, विनय शर्मा बंटी, मो. इस्लाम, मदन जायसवाल, राजीव अग्रवाल, शैलू सोनी, सत्येंद्र तिवारी, आशीष वर्मा, दीपक मिश्रा, अशफाक अली, जमील खान, प्रमोद चौधरी, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, आलोक सिंह, सतीश बारी, हिमांशु जायसवाल, संजीव मंदिलवार, राशिद अंसारी, बाबर इदरीसी, वेद प्रकाश शर्मा, कलीम खान, निखिल विश्वकर्मा, मिथुन सिंह, राधे गोयल आदि मौजूद थे।

# ईपीएफ एवं ईएसआईसी में कूटरचना कर करोड़ों रुपए की हेराफेरी

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर लिमिटेड के चीफ इंजीनियर, सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर के साथ ही ठेकेदार प्रभोजत सिंह भल्ला के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करने का आदेश मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंबिकापुर ने दिया है।

करोड़ो रूपए के ईपीएफ एवं ईएसआईसी फर्जीवाडा के मामले में कोर्ट ने यह आदेश दिया है। इस मामले में शिकायतकर्ता आरटीआई कार्यकर्ता व अधिक्वता डॉ. डीके सोनी ने शिकायत की थी। शिकायतकर्ता अधिवक्ता डॉ. सोनी द्वारा कोतवाली थाने में मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की राशि में गोलमाल करने तथा फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपए की राशि निकालने के संबंध में कार्यपालन निदेशक जांच रिपोर्ट के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक्स सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप के द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की कटौती प्रति माह की जाती है लेकिन उक्त कटौती का लाभ बाह्य स्रोत से कार्यरत कर्मचारियों को प्राप्त नहीं होता है। नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 150 नग कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु प्रस्तुत देयक माह अगस्त 2020, सितंबर 2020, अक्टूबर 2020, नवंबर 2020, दिसंबर 2020, जनवरी 2021, फरवरी 2021 के देयक में ईपीएफ चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित कर संलग्न किया गया है अवधि के देयक के साथ संलग्न ईपीएफ के चालान को बगैर सत्यापित किए देयको को पारित किया गया।

---

# कॉलेज की छात्राओं ने देखी ड्रैगन फ्रूट्स की खेती

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के अर्थशास्त्र विभाग की एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की 25 छात्राओं ने प्राचार्य डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन एवं डॉ. पवन कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में चिल्का ग्राम स्थित ड्रैगन फ्रूट्स खेती, कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया एवं जिला वनोपज सहकारी संघ का शैक्षणिक भ्रमण किया।

चिल्का में छात्राओं ने अनिल सिंह द्वारा की जा रही ड्रैगन फ्रूट्स की खेती का अवलोकन किया, जहां लगभग 15-16 एकड़ में यह फसल की जाती है। प्रति एकड़ लागत लगभग 1 से 1.25 लाख रूपए होती है और 2.5 से 3 लाख रूपए तक की आय होती है। खेती में 12 मजदूर कार्यरत हैं, जिन्हें 240 रूपए प्रतिदिन की दर से मजदूरी दी जाती है, इसके पश्चात छात्राओं ने कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया का भ्रमण किया, जहां फार्म अधिकारी फूलचंद ने सेंधुर, अनार, आम, चीकू, हल्दी व साग-सब्जी उत्पादन की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उपज सीधे बाजार में विक्रय की जाती है और किसानों को दो से ढाई गुना लाभ प्राप्त होता है। बाद में छात्राओं ने जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कोरिया का दौरा किया। लेखापाल किशोर कुमार सिंह व सहायक प्रबंधक अमृत कुमार निराला ने बताया कि जिले में 65 प्रकार के लघु वनोपज पाए जाते हैं। तेंदूपत्ता का 33 हजार मानक बोरा उत्पादन होता है, जिसकी गड्डियों की दर से भुगतान किया जाता है और बोनस भी मिलता है। उत्पाद को पश्चिम बंगाल व केरल भेजा जाता है।



भ्रमण करती कॉलेज की छात्राएं ।

# धूमधाम से मनाया गया पहाड़ी माई मंदिर का दसवां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित पहाड़ी माई मंदिर के दसवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर के दसवां स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ी। वहीं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन कराया गया।

गौरतलब है कि पहाड़ी माई मंदिर क्षेत्रवासियों के लिए प्रमुख आस्था के केंद्रों में एक है जहां 2014 में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति में वैष्णो माता की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से हुई थी। वही यहां पूजा अर्चना 2003-4 से ही प्रारंभ हो गई थी। पहाड़ी मंदिर को लेकर कई प्रकार की मान्यताएं लोगों की हैं। रामानुजगंज में पहाड़ी मंदिर सप्त पहाड़ियों में सबसे ऊंची पहाड़ी में स्थित है जिसे मालकेतु पहाड़ कहते हैं। पहाड़ी माई मंदिर के संरक्षक सुभाष जायसवाल ने बताया कि नगर वासियों के सहयोग से मंदिर के विकास में कई कार्य हुए हैं। पहाड़ी माई मंदिर क्षेत्र वासियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। पहाड़ी में मंदिर के मुख्य पुजारी पवन पांडे ने बताया कि 16 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष मंदिर के स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अखंड रामायण पाठ के साथ अन्य कई अनुष्ठान किए गए। पहाड़ी में मंदिर में पहुंचने का दो तरफ से रास्ता है एक रास्ता नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के घर के सामने से है जिसमें सीढ़ी से जाया जा सकता है दूसरा रास्ता रिंग रोड से बटालियन के पहले गेट के पास से है इधर से दो चक्का एवं चार चक्का वाहन पहाड़ी मंदिर तक जा सकते है।













अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन